उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांकः– 24.02.2026**

**मीडिया सेल, महोबा**

**पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।**






- आज दिनांकः -24.02.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी।
- जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।
- जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।
- पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।

## मिशन शक्ति 5.0 : नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन को लेकर महोबा पुलिस का सशक्त जागरुकता अभियान...

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में “मिशन शक्ति अभियान फेज-5” के अन्तर्गत आज दिनांक- 24.02.2026 को जनपद महोबा में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण सुदृढ़ करने के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।

“मिशन शक्ति 5.0” अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों की सक्रिय सहभागिता से महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तथा सुरक्षा संबंधी संसाधनों की जानकारी प्रदान की गई।

अभियान के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई आर्थिक सहायता योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, वन स्टॉप सेंटर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आदि की जानकारी पंपलेट के माध्यम से दी गई।

महिलाओं को पुलिस विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे वीमेन पावर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, सीएम हेल्पलाइन-1076, स्वास्थ्य सेवा-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्पलाइन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930 आदि के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया।

महोबा पुलिस द्वारा चलाया गया यह अभियान महिलाओं में सुरक्षा का भरोसा, आत्मनिर्भरता की सोच और सम्मान का भाव विकसित करने की दिशा में एक सशक्त पहल है।



**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांकः– 24.02.2026**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## SPEL कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं का पुलिस कार्यालय भ्रमण, एसपी व एएसपी ने दिया करियर मार्गदर्शन

आज दिनांक 24.02.2026 को Student Police Experiential Learning (SPEL) कार्यक्रम के तृतीय चरण के अंतर्गत चयनित छात्र-छात्राओं को पुलिस कार्यालय, महोबा का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं—कार्यालय शाखा, अपराध शाखा, आईटी/सीसीटीएनएस, प्रधानलिपिक कार्यालय, वाचक कार्यालय, जनसुनवाई प्रकोष्ठ आदि—की कार्यप्रणाली से विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया।

भ्रमण उपरांत पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा अपने-अपने कार्यालय में छात्र-छात्राओं से संवाद किया गया। अधिकारियों ने प्रत्येक विद्यार्थी से परिचय प्राप्त कर उनके जीवन लक्ष्य के बारे में जानकारी ली तथा लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस अवसर पर विद्यार्थी जीवन की चुनौतियों, बदलते सामाजिक एवं तकनीकी परिदृश्य, विशेषकर Artificial Intelligence (AI) के बढ़ते प्रभाव पर चर्चा की गई। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने, महत्वपूर्ण कोर्स एवं डिप्लोमा करने, समयबद्ध लक्ष्य निर्धारित करने (Target Setting) तथा निरंतर आत्मविकास की दिशा में कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।

साथ ही पुलिस की कार्यशैली, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं जनसेवा की भावना के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों द्वारा करियर, प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा एवं आत्मविकास से संबंधित पूछे गए प्रश्नों का अधिकारियों द्वारा विस्तृत एवं प्रेरणादायी उत्तर दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को पुलिस व्यवस्था की संरचना से परिचित कराना, उनमें सकारात्मक सोच विकसित करना तथा जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने हेतु प्रेरित करना रहा।






## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा ने साप्ताहिक परेड की ली सलामी, अपर पुलिस अधीक्षक ने अनुशासन, फिटनेस व गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन पर दिया बल

आज दिनांक 24.02.2026 को उत्तर प्रदेश पुलिस के जनपद महोबा में पुलिस लाइन महोबा पर साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। परेड की सलामी अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा ग्रहण की गई। इस अवसर पर उन्होंने परेड टुकड़ियों का निरीक्षण कर पुलिस बल की कार्यक्षमता, अनुशासन एवं समन्वय का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों की वर्दी की शुद्धता, कदमताल की एकरूपता, शारीरिक दक्षता एवं परेड मानकों के अनुरूप प्रदर्शन का परीक्षण किया। टोलीवार ड्रिल एवं शस्त्र अभ्यास कराया गया, जिसमें कर्मियों की तत्परता एवं प्रशिक्षण स्तर की समीक्षा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने बल को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन एवं फिटनेस पुलिस सेवा की आधारशिला हैं तथा प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी को उच्च स्तर की पेशेवर दक्षता बनाए रखनी चाहिए।


### ❖ रिक्रूट आरक्षियों को दिए गए दिशा-निर्देश:

परेड के दौरान रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रशिक्षण अवधि को आत्मविकास एवं व्यक्तित्व निर्माण का स्वर्णिम अवसर बताया। समय की पाबंदी, सत्यनिष्ठा, शारीरिक सुदृढ़ता, वर्दी की स्वच्छता तथा आमजन के प्रति संवेदनशील एवं शालीन व्यवहार अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक सक्षम एवं संवेदनशील पुलिसकर्मी ही समाज में विश्वास स्थापित कर सकता है।

### ❖ विभागीय अभिलेखों की समीक्षा:

निरीक्षण उपरांत औपचारिक रिपोर्टिंग (O.R.) के दौरान विभागीय अभिलेखों का गहन अवलोकन किया गया। लंबित प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, अभिलेखों के अद्यतन रख-रखाव तथा कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता व दक्षता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

साप्ताहिक परेड के माध्यम से पुलिस बल में अनुशासन, समन्वय, शारीरिक दक्षता एवं पेशेवर प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:- 24.02.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना अजनर की पुलिस टीम ने 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 24.02.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अजनर श्री सुभाषचन्द्र द्वारा गठित उ0नि0 रमाशंकर व म0उ0नि0 मालती साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 02 नफर वारण्टी अभियुक्तगण क्रमशः 1.भूपत सिंह उर्फ कल्लू पुत्र गुलाब उम्र करीब 37 वर्ष, 2.मान सिंह उर्फ नेपाल पुत्र गुलाब सिंह उम्र करीब 35 वर्ष निवासीगण ग्राम बछेछरकलाँ थाना अजनर जनपद महोबा सम्बन्धित NCR No. 91/19 धारा 323/504/506 भादवि0 थाना अजनर जनपद महोबा में मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्तगण उपरोक्त को ग्राम बछेछरकलाँ थाना अजनर जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.भूपत सिंह उर्फ कल्लू पुत्र गुलाब उम्र करीब 37 वर्ष निवासी ग्राम बछेछरकलाँ थाना अजनर जनपद महोबा

2.मान सिंह उर्फ नेपाल पुत्र गुलाब सिंह उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम बछेछरकलाँ थाना अजनर जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 रमाशंकर 2.म0उ0नि0 मालती साहू
3.कां0 अरविन्द कुमार पाल 4.कां0 अमोल कुमार 5.म0कां0 नेहा देवी



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः– 24.02.2026

मीडिया सेल, महोबा

## थाना खन्ना पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा युवती को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया...।

पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश एवं सकुशल बरामदगी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान “ऑपरेशन खोज” के क्रम में प्रभावी कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में आज दिनांक 24.02.2026 को प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री अर्जुन सिंह के निर्देशन में गठित पुलिस टीम द्वारा गुमशुदगी क्रमांक 03/2026 से संबंधित गुमशुदा लक्ष्मी पुत्री मंगल वर्मा, उम्र करीब 23 वर्ष, निवासी ग्राम सिरसीखुर्द, थाना खन्ना, जनपद महोबा को सकुशल बरामद किया गया।

उल्लेखनीय है कि लक्ष्मी दिनांक 19.02.2026 से बिना किसी को बताए घर से चली गई थीं। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बावजूद पता न चलने पर उनके भाई श्री सुरेश पुत्र मंगल वर्मा निवासी ग्राम सिरसीखुर्द द्वारा थाना खन्ना पर गुमशुदगी पंजीकृत कराई गई थी।

थाना खन्ना पुलिस टीम द्वारा सतत प्रयास, स्थानीय सूचना संकलन एवं सक्रिय तलाश के फलस्वरूप गुमशुदा युवती को आज दिनांक 24.02.2026 को थाना कुरारा, जनपद हमीरपुर से सकुशल बरामद किया गया। पूछताछ उपरांत आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए उन्हें परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

गुमशुदा युवती की सकुशल बरामदगी पर परिजनों द्वारा महोबा पुलिस की त्वरित कार्यवाही, संवेदनशीलता एवं सक्रियता की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

### बरामद करने वाली पुलिस टीम का विवरणः

1. उ0नि0 नरोत्तम सिंह
2. हे0कां0 प्रवीण कुमार यादव
3. म0कां0 सीतू देवी

